# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 86, दिनांक 15–03–2024

### उ०प्र० पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 का पेपर लीक कराने वाले गैग के 03 मुख्य अभियुक्त जनपद गाजियाबाद से गिरफ्तार।

दिनांक 14–03–2024 को एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2023 का पेपर लीक कराने वाले गैंग के 03 मुख्य अभियुक्तों को जनपद गाजियाबाद से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः**

1. अभिषेक कुमार शुक्ला पुत्र ब्रम्हदेव शुक्ला नि0 विक्रमपुर थाना सराय ममरेज जनपद प्रयागराज।
2. शिवम गिरि पुत्र राम अचल गिरि नि0 ग्राम–रमगढवा गोनौरा थाना जिगना, जनपद मिर्जापुर।
3. रोहित कुमार पाण्डेय पुत्र विजयनाथ पाण्डेय, नि0 ग्राम खेमापुर थाना कोईरोना जनपद भदोही।

**बरामदगीः**

1. 03 अदद मोबाईल फोन।
2. 01 अदद प्रश्न–पत्र। (दि0 18–02–2024 को आयोजित उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा का द्वितीय पाली)

**गिरफ्तारी का स्थान व समय–**

दिनांक 14–03–2024 स्थानः– लालकुऑ फ्लाई ओवर के नीचे थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद समयः–13.00 बजे।

उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2023 का प्रश्न पत्र आउट होने/विभिन्न माध्यमों से वायरल होने की सूचनाओं/तथ्यो के आधार पर शासन द्वारा परीक्षा निरस्त कर सम्पूर्ण पेपर लीक प्रकरण की जांच एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को आवंटित की गयी।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2023 का पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ उ0प्र0 की विभिन्न टीमों द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए विभिन्न तिथियों में जनपद–वाराणसी, झॉसी, आगरा, कानपुर, बरेली, गाजियाबाद, प्रयागराज, मेरठ, गोरखपुर, हाथरस, नोएडा, बलिया में कुल 12 अभियोग पंजीकृत कराते हुए अब तक कुल 54 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है।

उपरोक्त अनुक्रम में श्री बृजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ उ0प्र0 के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2023 का पेपर लीक कराने वाले गैंग के 03 मुख्य अभियुक्त जनपद गाजियाबाद होते हुये दिल्ली की तरफ जाने वाले है। इस सूचना पर उ0नि0 श्री संजय कुमार के नेतृत्व में हे0कां0 रकम सिंह, हे0कां0 आकाशदीप, हे0कां0 महेश शर्मा, हे0कां0 विनय कुमार एंव हे0कां0 अंकित श्योरान की टीम द्वारा लालकुऑ फ्लाई ओवर के नीचे थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद से तीनों वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

- ❖ अभियुक्त अभिषेक शुक्ला पूछताछ में बताया कि वह बीएससी पास है। वर्ष–2021 में टीसीआई एक्सप्रेस कम्पनी अहमदाबाद में ट्रेनिंग एक्जीक्यूटिव के पद पर ज्वाईन किया था। ट्रेनिंग के दौरान ही उसकी मुलाकात अंकित मिश्रा नामक व्यक्ति से हुई थी, जिसका कन्सलटेन्सी का कार्यालय भोला हास्पिटल प्रयागराज के सामने था। अंकित मिश्रा ने अभिषेक शुक्ला की जान

पहचान रवि अत्री नि0 नीमका जनपद गौमतबुद्धनगर नामक व्यक्ति से कराई थी। अभिषेक ने 06 माह बाद टीसीआई एक्सप्रेस कम्पनी छोड़ दिया था।

- ❖ टीसीआई एक्सप्रेस कम्पनी अहमदाबाद में नौकरी के दौरान ही अभिषेक शुक्ला की मुलाकात वहां काम करने वाले शिवम गिरि पुत्र अचलगिरि नि0 रामगढवा गनौरा जनपद मिर्जापुर से हुई।

- ❖ अभियुक्त शिवम गिरी ने पूछताछ में बताया कि जब वह वर्ष–2020 में टीसीआई एक्सप्रेस (ट्रान्सपोर्ट कार्पोरेशन आफ इण्डिया प्रा0लि0) कम्पनी दिल्ली में करीब 10–11 माह काम किया। दिसम्बर–2020 को उसका ट्रान्सफर खेडा वेयर हाउस अहमदाबाद हो गया जहॉ उसकी मुलाकात अभिषेक शुक्ला व रोहित पाण्डेय से हुई।

- ❖ अभियुक्त रोहित कुमार पाण्डेय उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि उसने बीएससी कानपुर यूनिवर्सिटी से किया है। नम्बम्बर–2021 में टीसीआई एक्सप्रेस कम्पनी अहमदाबाद में नौकरी ज्वाईन किया था। काम करने के दौरान करीब दो महीने बाद उसकी मुलाकत उसी कम्पनी में काम करने वाले शिवम गिरि से हुई। अभिषेक शुक्ला से रोहित पाण्डेय की मुलाकात शिवम गिरि के माध्यम से हुई थी।

- ❖ अभियुक्त अभिषेक शुक्ला, शिवम गिरि एवं रोहित पाण्डेय तीनों टीसीआई एक्सप्रेस कम्पनी में एक साथ काम किये थे जो आपस में एक दूसरे से भली भॉति परिचित थे, जिस कारण पेपर लीक प्रकरण में एक साथ मिलकर घटना को अन्य लोगों के साथ मिलकर अंजाम दिये।

- ❖ रवि अत्री ने अभिषेक शुक्ला से टीसीआई कम्पनी में पेपर आने की बात बतायी थी फिर अभिषेक शुक्ला ने शिवम गिरि उपरोक्त से प्रेस में कोई भी मेटीरियल या पेपर कम्पनी में आने पर उसे बताने को कहा था।

- ❖ रवि अत्री ने पेपर आउट कराने में 5 लाख रूपये तथा सभी काम सकुशल पूर्ण होने के बाद 15 से 20 लाख रूपये देने को कहा था साथ ही रवि अत्री ने यह भी कहा था कि यदि शिवम गिरि के साथ कोई और व्यक्ति भी पेपर आउट कराने में उसकी मद्द करेगा तो उसे भी 05 लाख रूपये दिये जायेगें।

- ❖ दिनांक 01.02.2024 को शिवम गिरि ने अभिषेक शुक्ला को कॉल करके बताया था कि शायद यूपी पुलिस का माल आया है। अभिषेक शुक्ला ने यह बात रवि अत्री को बतायी तो रवि अत्री ने उससे कहा कि शिवम गिरि से कहकर बॉक्स की फोटो मंगवा लो।

- ❖ दिनांक 03.02.2024 को अभिषेक शुक्ला अहमदाबाद चला गया था और रवि अत्री भी दिल्ली से अहमदाबाद आ गया था। दिनांक 04.02.2024 को शिवम गिरि ने ट्रंक बॉक्स की फोटो खीचकर अभिषेक शुक्ला को भेजी तब अभिषेक ने उस फोटो को रवि अत्री को भेजा था।

- ❖ रवि अत्री ने अभिषेक शुक्ला के सामने राजीव नयन मिश्रा नि0 ग्राम–धर्मपुर शुकुलपुर मेजा प्रयागराज जो वर्तमान में भोपाल में रहते है, को कॉल करके सारी बाते बताई और बॉक्स की फोटो भेजी थी।
- ❖ इसके बाद रवि अत्री ने अभिषेक शुक्ला की बात राजीव नयन मिश्रा से कराई, तब राजीव नयन मिश्रा ने उससे कहा कि किसी भी तरफ यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर निकलवाओ।

❖ रवि अत्री व राजीव नयन मिश्र ने अभिषेक से कहा था कि यह काम हो गया तो तुम्हें इतना पैसा मिलेगा कि जीवन में और कुछ करने की जरूरत नही होगी साथ मे सरकारी नौकरी भी लगवाने की बात कही थी।

❖ दिनांक 05.02.2024 को राजीव नयन मिश्रा भोपाल से अहमदाबाद पहुँचा और राजीव नयन मिश्रा ने 03 लाख रूपये शिवम गिरि के खाते में डाले।

❖ दिनांक 05.02.2024 को ही रवि अत्री ने पटना के रहने वाले डा0 शुभम मण्डल नि0 पटना बिहार जो बाक्स खोलने में एक्सपर्ट था, को कॉल करके सारी बाते बताई और उसको अहमदाबाद आने के लिये कहा था जो दिनांक 05.02.2024 को ही रात्रि में करीब 09:30 बजे प्लाईट से अहमदाबाद पहुँच गया था।

❖ अभिषेक शुक्ला, रवि अत्री तथा राजीव नयन मिश्रा एयरपोर्ट से डा0 शुभम मण्डल को लेकर रात्रि में ही करीब 11:30 बजे टीसीआई कम्पनी में पहुँचे जहां पर शिवम गिरि और रोहित कुमार पाण्डेय मौजूद थे।

❖ राजीव नयन मिश्रा ने डा0 शुभम मण्डल को अपना फोन दिया और शिवम गिरि के साथ जाकर पेपर का फोटो खीच लेने को कहा जिस पर शिवम गिरि के साथ डा0 शुभम मण्डल और रोहित कुमार पाण्डेय टीसीआई कम्पनी के अन्दर गये और डा0 शुभम मण्डल द्वारा ट्रंक बॉक्स को पीछे से खोलकर यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के 02 कोड के पेपर निकालकर फोटो खीच ली।

❖ पेपर की फोटो खीचने के बाद अभिषेक शुक्ला, रवि अत्री, डा0 शुभम मण्डल एंव राजीव नयन मिश्रा दशमेश होटल चले गये थे तथा शिवम गिरि व रोहित कुमार पाण्डेय जो टीसीआई कम्पनी के मेस में ही रूक गये थे।

❖ दिनांक 07.02.2024 को भी 01 कोड का प्रश्न–पत्र और आया, जिसकी जानकारी शिवम गिरि ने अभिषेक शुक्ला को दी जिसे अभिषेक शुक्ला ने राजीव नयन मिश्रा व रवि अत्री को बताया था।

❖ दिनांक 08.02.2024 को रवि अत्री ने फिर से डा0 शुभम मण्डल व राजीव नयन मिश्र को दोबारा अहमदाबाद बुलाया और राजीव नयन मिश्रा ने अपना मोबाईल फोन डा0 शुभम मण्डल को देकर कहा था कि शिवम गिरि के साथ जाकर उक्त परीक्षा के पेपर की फोटो खीच लो।

❖ शिवम गिरि के साथ डा0 शुभम मण्डल और रोहित पाण्डेय टीसीआई कम्पनी के अन्दर गये थे तथा डा0 शुभम मण्डल द्वारा ट्रंक बॉक्स पीछे से खोलकर यूपी पुलिस का एक कोड का पेपर निकालकर फोटो खीची थी।

❖ दिनांक 08.02.2024 की सुबह डा0 शुभम मण्डल फ्लाईट से पटना चला गया था और राजीव नयन मिश्रा उपरोक्त परीक्षा के प्रश्न–पत्र के चौथे कोड के इंतजार में रूके थे, किन्तु चौथे कोड का प्रश्न–पत्र नहीं निकल पाया था।

❖ राजीव नयन मिश्रा व रवि अत्री ने उक्त यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा–2024 के प्रश्न–पत्र को विक्रम पहल, मोनू ढाकला, विक्रम दहिया, महेन्द्र शर्मा, गौरव चौधरी, मोनू पंडित, सतीश धनकड (नेचर वेली रिसोर्ट का मालिक), नीटू नि0 वाजिदपुर, जनपद बागपत, धीरज उर्फ गोल्डी (वालीबुड रेस्टोरेंट सोनीपत हरियाणा का मालिक) आदि को दिया था।

- ❖ शुभम मण्डल पेशे से डाक्टर है, जिससे एसटीएफ द्वारा पूछताछ की जा रही है।
- ❖ राजीव नयन मिश्रा ने वर्ष–2021 में उ0प्र0 टीईटी का पेपर लीक कराया था। तत्समय एसटीएफ उ0प्र0 द्वारा मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 522/2021 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि व 66डी आईटी एक्ट थाना कोखराज कौशाम्बी में पंजीकृत कराकर जेल भेजा गया था।
- ❖ राजीव नयन मिश्रा ने वर्ष 2023 में संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा, मध्यप्रदेश का पेपर लीक कराया था जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 15/23 ग्वालियर क्राईम ब्रान्च पर पंजीकृत हैं, जिसमें यह जेल जा चुका हैं।
- ❖ रवि अत्री ने एमबीबीएस किया हैं तथा इसने वर्ष 2015 में AIPMT संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा, मध्यप्रदेश का पेपर लीक कराया था जिसके सम्बन्ध में अ0सं0 110/15 धारा 420/120बी भादवि व 66 आईटी एक्ट थाना पीजीआईएमएस रोहतक हरियाणा पर पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों को थाना कंकरखेड़ा, जनपद मेरठ में पंजीकृत मु0अ0सं0 166/2024 धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि व 3/4/7/8/9 सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधि0 में दाखिल किया गया है। उक्त मुकदमें की विवेचना एसटीएफ उ0प्र0 की जा रही है। जनपद–वाराणसी, झॉसी, आगरा, कानपुर, बरेली, गाजियाबाद, प्रयागराज, मेरठ, गोरखपुर, हाथरस, नोएडा, बलिया में पेपर लीक से सम्बन्धित अभियोगों की विवेचना में एसटीएफ उ0प्र0 द्वारा तकनीकी एवं अपेक्षित सहयोग किया जा रहा है।